महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की तैयरियों के संबंध में बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट का बड़ा फैसला, 11 फीसदी बढ़ाया कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार में हुई कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों को 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इससे सरकार पर 1800 करोड़ का सालाना व्यय भार बढ़ेगा। वहीं, कैबिनेट के इस फैसले से प्रदेश में तीन लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा होगा।

### अधिकारी समय पर पहुंचें ऑफिस, वरना मोर्चा करेगा तालाबंदीः नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि अधिकांश कार्यालयों के मुखिया 11–11.30 बजे से पहले ऑफिस में नहीं पहुंचते एवं उनकी देखा–देखी में कर्मचारी भी लापरवाह हो जाते हैं, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। 'इस मामले को लेकर मोर्चा अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी आर. राजेश कुमार से वार्ता कर लापरवाह एवं देर से ऑफिस पहुंचने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिलाधिकारी द्वारा मामले में सख्त कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय साइन लैंग्वेज डे के मौके पर केएफसी ने कहा –कुछ न कहो !

**संवाददाता** देहरादून। केएफसी द्वारा अपने केएफसी रेस्टॉरेंट में अंतरराष्ट्रीय साइन लैंगवेज (सांकेतिक भाषा) दिवस का आयोजन ब्रैंड के प्रेमियों के लिए सुखद आश्चर्य से कम नहीं था। इस मौके पर ब्रैंड ने 'एक्शन ओवर वर्ड्स' यानी शब्दों की बजाय एक्शन पर जोर देते हुए आपसी बातचीत के लिए साइन लैंगवेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ, इसे प्रयोग करने को बढ़ावा दिया।

### हंगामा हाई लाइफ' के साथ अभूतपूर्व मनोरंजन का आनंद उठाएं

**संवाददाता** देहरादून। उपभोक्ता अब भारत की अग्रणी डिजिटल मनोरंजन कंपनी हंगामा द्वारा लॉन्च किए गए लाइफस्टाइल ब्रांड हंगामा हाई लाइफ के साथ बेहतर मनोरंजन का आनंद उठा सकते हैं। इस रेंज में–ब्लूटूथ हेडफोन, सही मायने में वायरलेस ईयरबड्स, नेकबैंड और ब्लूटूथ स्पीकर जैसे शरीर को सुख देने के लिए डिजाइन किए उपभोक्ता टेक्नॉलोजी वाले उत्पाद मौजूद हैं। हर खरीदारी के साथ उपभोक्ताओं को हंगामा म्यूजिक और हंगामा प्ले, हंगामा के म्यूजिक और वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का सालाना सब्सक्रिप्शन भी मिलता है।

# सर्वप्रथम कार्यकर्ता हैं तत्पश्चात मुख्य सेवक

**आभार**

■ जनपक्ष, भाजपा पार्टी पक्ष एवं सरकार के पक्ष का नारद की तरह समन्वय करते हैं मीडिया प्रभारीः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में नारद स्वर्ग लोक, धरा लोक एवं पाताल लोक में समन्वय स्थापित करते थे उसी प्रकार आज आधुनिक भारत में पार्टी की मीडिया टीम जनपक्ष पार्टी पक्ष एवं सरकार का पक्ष समन्वय के साथ विभिन्न संचार माध्यमों के समक्ष रखते हैं। धामी ने कहा कि पूर्व में मोदी ने जब कहा था कि आने वाला समय डिजिटल है और सारा कार्य मोबाइल से किया जाने लगेगा तो लोगों ने विश्वास नहीं किया पर आज वही स्थिति आ गई है। मोबाइल जीवन का सबसे दैनिक महत्वपूर्ण अंग बनता जा रहा है बहुत सारे कार्य इसी से संपादित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री



पुष्कर धामी ने कहा कि वह सर्वप्रथम कार्यकर्ता हैं तत्पश्चात मुख्य सेवक और मीडिया टीम द्वारा मिल रही सूचनाओं का संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 24000 भर्ती निकाली है जिस पर 15 अगस्त से कार्य आरंभ हो गया है और 3 माह के अंदर इनमें से आधी भर्तियां हो जाएंगी साथ ही हम स्वरोजगार के लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप लगा रहे हैं। हमने न सिर्फ प्रार्थीयों को आयु में 1 वर्ष की छूट दी है बल्कि आवेदन किए जाने वाले सभी फॉर्म को निशुल्क कर दिया है।

सीएम धामी ने कहा कि विपक्ष उनकी घोषणाओं पर सवाल उठा रहा है पर वह विभिन्न विभागों तथा वित्त विभाग से आकलन करवा कर ही घोषणाएं कर रहे हैं जो निश्चित तौर पर धरातल पर आएंगी। धामी ने कहा कि हमने पर्यटन क्षेत्र को 2000 करोड़ का आर्थिक पैकेज के साथ ही आजीविका योजना में पुलिस को तथा राजस्व के लोगों को भी पैकेज दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आयुष्मान भारत तथा अटल आयुष्मान योजना के बनने वाले कार्डों को जिन पर पहले 30 रूपये लगते थे उसे निशुल्क कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक आप लोगों के माध्यम से पहुंचकर उस तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर उसका जीवन स्तर बढ़ाना है।

प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता संगठन मंत्री अजेय कुमार ने प्रदेशभर से आए हुए मीडिया प्रभारियों को टिप्स देते हुए बताया कि किस प्रकार विरोधियों के आरोपों का शालीनता से जवाब देते हुए अपना पक्ष रखना है संगठन मंत्री ने मीडिया प्रभारियों को संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उनसे आने वाले विधानसभा चुनाव तक पूर्णकालिक के रूप में कार्य करने को कहा।

### कौशिक ने लिया महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की तैयरियों का जायजा

देहरादून। आगामी 26–27 सितंबर को देहरादून में आयोजित होने वाली भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के तैयरियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने महिला मोर्चा के पदाधिकरियों के साथ बैठक की और जानकारी ली। श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश महिला मोर्चा ने कोरोना काल के दौरान बेहतर कार्य किया और अपनी जान जोखिम में डालकर भी हर तरह से सेवा कार्यो में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। ब्लड डोनेशन, घर से पक्का भोजन, अस्पताल के आसपास किचन चलाने, मास्क, सैनिटाइजर वितरण और दवा वितरण में उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अब राज्य में चुनाव है और पूर्व में भी महिलाओं ने अथक प्रयास से अपना योगदान दिया। उसी तरह से अब जुटना होगा। बैठक में दोनों राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा इंदुबाला , दीप्ति रावत, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, अनिल ग़ोयल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी, महामंत्री अन्नू कक्कड़, सिद्धार्थ अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## मीडिया टीम को देनी है दैनिक परीक्षा, प्राप्त करने हैं दैनिक प्रणाम

**कार्यशाला**

■ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बलूनी ने भाजपा की प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला को किया संबोधित

**संवाददाता**



देहरादून। देहरादून के आईडीटीआर प्रेक्षागृह में आयोजित भाजपा की प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने कहा कि हमारे विधायकों सांसदों और जनप्रतिनिधियों को समय–समय पर जनता के बीच जाकर परीक्षा देनी होती है पर हम मीडिया टीम वालों को प्रतिदिन परीक्षा देनी होती है और प्रतिदिन उससे परिणाम भी हासिल करना होता है मीडिया प्रभारी ने कहा कि पार्टी मीडिया टीम में काम करने वालों को स्पेस भी जल्द मिलता है उन्होंने स्वयं का, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज, स्वर्गीय अरुण जेटली, रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, निर्मला सीतारमण का उदाहरण देते हुए कहा कि यह सभी पार्टी की मीडिया टीम से जुड़े रहे और शीर्ष पर पहुंचे।

साथी अनिल बलूनी ने कहा कि की मीडिया टीम में काम करते हुए आदमी रथ पर जा सकता है परंतु एक गलत वाइट देने अथवा एक गलत समाचार देने के कारण पथ पर भी आ सकता है जहां गलती की गुंजाइश नहीं है।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने कार्यशाला में उपस्थित राज्य के विभिन्न जिलों से आए मीडिया प्रभारियों को टेलीविजन मीडिया, प्रिंट मीडिया, ऑनलाइन मीडिया, एवं फेसबुक–ट्विटर पर चलने वाली मीडिया गतिविधियों मे आने वाले बदलावों के बारे में बताते हुए उनसे इन सभी माध्यमों का उपयोग भाजपा पार्टी, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने हेतु टिप्स दिए।

कार्यशाला को राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं चुनाव सह प्रभारी सरदार आरपी सिंह सत्र अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने भी संबोधित किया। सत्र में प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार, मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान सहित जिलों एवं विभिन्न मोर्चों के मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

### दून में पुलिस ने बरामद किए 30 लाख के स्मार्ट फोन, मालिकों को सौंपे

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून में पुलिस ने विकासनगर, सहसपुर, सेलाकुई, कालसी थानों में दर्ज मोबाइल खोने की शिकायतों की जांच करते हुए करीब 30 लाख रुपए के 200 स्मार्ट फोन बरामद किए। शुक्रवार को एसपी सिटी की देखरेख में मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गए। एसपी सिटी सरिता डोभाल ने बताया कि जिले में खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए नगर और देहात क्षेत्र में मोबाइल रिकवरी सेल का गठन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और सीओ विकासनगर की देखरेख में गुम हुए मोबाईल फोनों की बरामदगी के लिए एसओजी देहात की ओर से सर्विलांस के माध्यम से, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड आदि राज्यों से खोए कुल 200 स्मार्ट मोबाईल फोन बरामद किये गए। बरामद किए गए मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।